Headline: FLORINA LAUNCH

प्रीटी, समीरा की झलक को हुए क्रेजी

कई ने दूर से किया दीदार तो कई की चाहत रही अधूरी

अमर उजाला ब्यूरो

सोनीपत। शहर के टीडीआई मॉल में अभिनेत्री प्रीटी जिंटा और समीरा रेड्डी के आने की खबर मिली तो प्रशंसक सुबह से ही वहां जुटने लगे, हालांकि अभिनेत्रियों को दोपहर में आना था। लोग घंटों इंतजार करते रहे। जब प्रीटी और समीरा वहां पहुंची तो लगा कि लोगों की मुराद पूरी हो गई। हालांकि बाउंसरों ने प्रशंसकों को प्रीटी और समीरा के पास नहीं फटकने दिया, लेकिन उनकी झलक पाकर ही निहाल हो गए।

सुरक्षा के लिए जिला प्रशासन ने भारी पुलिस बल तैनात किया और कार्यक्रम के आयोजकों ने भी काफी संख्या में बाउंसरों का प्रबंध कर रखा था। प्रशंसकों की भीड़ पास में ही रोड के आसपास घूमती रही। पुलिस ने लोगों को कार्यक्रम स्थल के आसपास न आने की भी हिदायत दी। दोपहर को जैसे ही रेड ड्रेस में ब्लैक गागल्स पहने प्रीटी और प्रिंटेड ब्लू ड्रेस समीरा पहुंचीं भीड़ उनकी ओर दौड़ पड़ी। प्रशंसक उन्हें देखकर चिल्ला उठे। बाउंसरों के घेरे के बीच प्रीटी और समीरा को कार्यक्रम की जगह तक पहुंचाया गया। कई प्रशंसक उनका दीदार तक नहीं कर सके। कई के आटोग्राफ लेने की तमन्ना भी पूरी न हो सकी। प्रीती जिंटा और समीरा ने रिबन काटकर कुंडली स्थित टीडीआई मॉल में फलोरिना मार्बल स्टूडियो का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान टीडीआई ग्रुप के वाइस चेयरमेन रविंद्र तनेजा ने अभिनेत्रियों का स्वागत करते हुए कहा कि कार्यक्रम में दोनों अभिनेत्रियों के शिरकत करने पर हमारा परिवार इनका तहेदिल से शुक्रगुजार है। फलोरिना ग्रुप के चेयरमैन संजय जैन भी मौजूद रहे।



समारोह में दीप प्रज्वलित करतीं प्रीटी जिंटा और बातचीत करतीं समीरा।

मार्बल शोरूम का उद्घाटन करने आईं थी अभिनेत्रियां